तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024

10 बिलासपुर ने डुडुमचुवां को हराकर जीती कबड्डी ...

11 कलश यात्रा के साथ तरेकेला में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ...




## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन खेत में पलट गई

**महासमुंद।** एक तेज रफ्तार वाहन खेत में जाकर पलट गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोला व जोबा के बीच खेत में मारूति सुजुकी वाहन क्र सीजी 22 एम 7224 का चालक मुरलीधर यदु के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लारवाहीपूर्वक चालक को रोड से नीचे खेत में उतारकर पलटा दिया, जिससे मदन कुमार साहू पिता गुलापी राम साहू (55) निवा, गिरधाल पलारी बलौदाबाजार को चोट आई है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी डोमनलाल साहू पिता शंकर साहू (28) निवासी तुमगांव ने पुलिस को बताया कि आरोपी पाली खुंटे पिता राधेश्याम खुंटे निवासी नयापारा महासमुंद और उसके साथियों ने रास्ता रोककर उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे, जब मैने मना किया तो गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 327, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली के जंगल में गजेंद्र बारिक पिता हीरालाल बारिक (40) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। मामले में सरायपाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# लाखों के खर्च में बनी टंकियां जलस्रोत के बिना साबित हो रहीं बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत हर घर में इसी साल अप्रैल तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। पिछले पांच साल से जिले के गांव- गांव में टंकियां व पाइप लाइन बिछाने के काम तो किए गए। लेकिन, सच्चाई यह है कि जिन गांव में पानी टंकी बनाने में करोड़ों रुपए खर्च हो गए, वहां अब तक लोगों के घर पानी ही नहीं पहुंच रहा है। अधिकांश गांवों टंकियों को भरने के लिए जल स्रोत के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।

## पानी के अभाव में ग्राम लहंगर में बनाई गई पानी टंकी अनुपयोगी

### जलस्रोत बिना टंकी का निर्माण

जिले के ग्राम लहंगर पानी टंकी के साथ पाइप लाइन भी बिछ चुकी है। लेकिन, टंकी को भरने के लिए पानी का स्रोत ही नहीं है। ऐसे ही हाल गांव खड़सा ओर गुडरूडीह में बनाई गई पानी टंकी का है। इसी प्रकार महासमुंद ब्लॉक के ग्राम सिंधौरी में पुरानी लाइन ही सहीं, पाइप बिछ चुकी है। पानी के स्रोत से टंकी तक भी पाइप आ चुकी है। लेकिन, टंकी तक चढ़ाने के लिए इंटरलाकिंग का काम अधूरा है।



**लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण, योजना का लाभ दिलाने प्रयास नहीं**

### जल स्रोतों की तलाश जारी

पीएचई के सहायक अभियंता खिलेश्वर साहू ने बताया कि कई गांवों में टंकियों को भरने के लिए पर्याप्त जलस्रोत नहीं मिल पा रहा है। खासकर, सरायपाली क्षेत्र में इस तरह के मामले ज्यादा देखने को मिल रहा है। नए बोर खनन के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। जलस्रोतों की लगातार तलाश की जा रही है।


बता दें कि जल जीवन मिशन की शुरुआत साल 2019 में हुई है और जिले में अब तक 986 टंकियों का निर्माण करने का वर्क आर्डर मिल चुका है। योजना को साल 2024 मार्च में पूरा कर लोगों के घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। लेकिन, अब तक सिर्फ 219 टंकियों का निर्माण ही पूर्ण हो पाया है। वहीं, 722 प्रगतिरत है लेकिन, हकीकत है कि प्रत्येक गांव के लिए फंड जारी होने के बाद भी इस योजना के तहत सिर्फ 165 टंकियों से ही पानी की सप्लाई हो पा रही है। जबकि, 1114 गांवों में से 716 गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**खरीदी : अव्यवस्था के बीच रात तक होती रही तौलाई, भोजन-पानी के लिए तरसे किसान**

# दो दिनों के धान की एक साथ खरीदी कम पड़ गई डंप करने के लिए जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो दिनों के धान की खरीदी सोमवार को किए जाने से उपार्जन केंद्रों में आपाधापी की नौबत आ गई। अपनी उपज को पहले तौलाई कर वापस घर जाने के लिए किसानों में होड़ मची रहीं। जबकि, कई केंद्रों में धान को डंप करने के लिए जगह की कमी का सामना करना पड़ा। तौलाई व भराई के बाद जगह खाली होते ही दूसरे किसान अपने धान को डंप करते गए। इस चक्कर में आधी रात तक धान की तौलाई होती रहीं, जिससे किसानों को भोजन व पानी के लिए तरसना पड़ा। बता दें कि बीते गुरुवार को बारिश के कारण जिले के करीब 90 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी बंद रहीं। वहीं, जिन केंद्रों में खरीदी हो पाई, वहां पर भी 2163 किसानों से सिर्फ एक लाख 5 हजार क्विंटल धान ही खरीदा जा सका। जबकि, गुरूवार को 5939 किसानों को टोकन जारी किया गया था, जिनसे करीब सवा तीन लाख क्विंटल धान खरीदा जाना था। इसके बाद अवकाश की वजह से लगातार चार दिनों तक खरीदी बंद रहीं और सोमवार को खरीदी शुरू होते ही अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। क्योंकि, सोमवार को दो दिनों का धान एक साथ खरीदा जाना था। सोमवार को सबसे ज्यादा दिक्कत केंद्रों में जगह की समस्या सामने आई। पहले से खरीदे गए धान का स्टेक लगाए जाने के कारण कई केंद्रों में जगह कम पड़ गई, जिससे धान को ट्रैक्टर में रख जगह खाली होने का इंतजार करना पड़ा। इससे रात तक खरीदी चलती रहीं।



### दो दिनों में हासिल करना है लक्ष्य

शासन की ओर से अभी तक धान खरीदी की तारीख को बढ़ाने को लेकर किसी तरह आदेश जारी नहीं किया गया है। अब धान खरीदी करने के लिए सिर्फ दो दिन शेष है। जिसमें निर्धारत लक्ष्य 118 लाख क्विंटल धान को खरीदा जाना है। बता दें कि अब तक एक लाख 46 लाख किसानों से 101 लाख क्विंटल की धान खरीदी हो पाई है।

### बफर लिमिट से दोगुनी खरीदी

समिति प्रबंधकों ने बताया कि रोजाना खरीदी की लिमिट बढ़ाए जाने के कारण पहले से ही बफर लिमिट से ज्यादा खरीदी की जा रही है। ऐसे में दो दिन की खरीदी एक साथ करने पर अव्यवस्था का सामना तो करना ही पड़ेगा। बता दें कि सोमवार की शाम तक कुल 7027 किसानों से 3 लाख 18 हजार क्विंटल की खरीदी हो चुकी थी।

# लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन आज, डिप्टी सीएम साव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा कार्यालय का शुभारंभ आज लोकसभा मुख्यालय में होने जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोकसभा संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपाई शंकर अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। वे बीटीआई रोड में कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा लोकसभा कार्यकर्ताओ को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना की जानकारी देंगे। अग्रवाल ने बताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कार्यालय उद्घाटित होगा। इस अवसर पर लोकसभा के प्रभारी सह प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक गण पार्टी के वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, मोतीलाल साहू, विधायक रायपुर ग्रामीण, श्रीमती भावना बोहरा विधायक पंडरिया, रोहित साहू विधायक राजिम, संपत अग्रवाल विधायक बसना, योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, शंकर अग्रवाल महासमुंद लोकसभा संयोजक, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, पूनम चंद्राकर, विमल चोपड़ा, चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत गोल्डी एवं महासमुंद लोकसभा के सभी वरिष्ठ भाजपा नेतागण तथा कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दौरा कार्यक्रम

**महासमुंद।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव 30 जनवरी को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री साव दोपहर 1.30 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे और दोपहर 02.30 बजे महासमुंद में पहुंचकर लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 03.30 बजे वे बिलासपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बटांकन कर अपने नाम कर ली जमीन रिकार्ड सुधारकर वापस करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तहसील सरायपाली के ग्राम टेंगनापाली के तीन बेवा सहित पांच किसानों की भूमि के हिस्से को गांव के ही एक रसूखदार द्वारा षडयंत्रपूर्वक खसरे का बटांकन कराकर अपने नाम किए जाने को लेकर विगत कई महीनों से राजस्व विभाग का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस संबंध में ये किसान एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी के पास रिकार्ड दुरूस्त कराने की गुहार लगा चुके। लेकिन, उनकी जमीन अब तक उन्हें वापस नहीं मिल पाई है। इस मामले को लेकर एक बार फिर से किसानों ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर हड़पी गई भूमि वापस कराने तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम-टेंगनापाली पहनं 33 के किसानों द्वारा अलग- अलग सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आवेदक छेलिया पिता जगबंधु के नाम पर खसरा नं 241/1 रकबा 0.76 हेक्टेयर में से बटांकन कराकर खसरा नं 241/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर की भूमि भोजराज चौधरी पिता देवचरण चौधरी एवं लोकनाथ चौधरी पिता देवचरण चौधरी द्वारा अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया है। इसी प्रकार ताराबाई बेवा रविशंकर के नाम पर दर्ज खसरा नं 239 रकबा 0.61 हेक्टेयर में से खसरा नं में परिवर्तित कराकर 239/2 रकबा 0.03 हेक्टेयर, भूमिसुता बेवा नरहरि की भूमि खसरा नं 329/2 रकबा 0.16 हेक्टेयर में खसरा नं. 329/3 रकबा 0.01 हेक्टेयर, विश्वामित्र पिता संतोष की भूमि खसरा नं.329/1 रकबा 0.20 हेक्टेयर में से खसरा नं. 329/3 रकबा 0.02 हेक्टेयर और सिंधु बेवा चक्रधर की भूमि खसरा नं. 241/3 रकबा 0.20 हेक्टेयर का बटांकन कराकर इस भूमि की आधी भूमि को छलपूर्वक अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया है।

किसानों ने बताया कि राजस्व विभाग में रिकार्ड दुरूस्त कराने कई बार आवेदन दिया जा चुका है। लेकिन, हर बार आदेश नहीं होने का बहाना बना दिया जा रहा है। वहीं, गांव में आयोजित गुढ़ी बैठक में भोजराज चौधरी एवं लोकनाथ चौधरी द्वारा वापस किए जाने का आश्वासन दिया गया। लेकिन, अब तक हड़पी गई भूमि का रजिस्ट्री नहीं किया जा रहा है।

# 115 लीटर कच्ची शराब जब्त

**तीन आरोपी गिरफ्तार, एक की खोजबीन जारी**



**महासमुंद।** अवैध रूप से बनाए गए कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में 27 एवं 28 जनवरी को आबकारी वृत्त सरायपाली अंतर्गत आरोपी राजू कलेत (33), निवासी सिंघोड़ा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब, आरोपी राजिन बारला (22), निवासी छुईपाली, थाना सिंघोड़ा के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया तथा छुईपाली के ही एक अन्य आरोपी हरीशचंद्र यादव (28) के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त कर उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड पर जेल भेजा गया। एक अन्य कार्रवाई मे ग्राम डोंगारक्सा थाना सिंघोड़ा में जंगल से 80 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब और 22 प्लास्टिक ड्रमों में लगभग 1100 किलोग्राम शराब बनाने योग्य महुआ लहान जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण कार्रवाई सराईपाली के वृत्त प्रभारी अधिकारी उत्तमबुद्ध भारद्वाज द्वारा की गई जिसमें आबकारी स्टाफ मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने रेत परिवहन करते ट्रैक्टरों को फिर रोका, खनिज विभाग को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम चिंगरौद में ग्रामीणों ने सोमवार को एक बार फिर रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते सात ट्रैक्टरों को रोककर खनिज व राजस्व विभाग के हवाले किया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां से लगातार अवैध तरीके से रेत का उत्खनन कर मनमाने दाम पर बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम चिंगरौद में सोमवार को सुबह अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों ने आधे दर्जन से ज्यादा रेत से भरे ट्रैक्टरों को रोका और खनिज विभाग व राजस्व विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अधिकारी उक्त सात ट्रैक्टरों को कोतवाली ले आए। सरपंच लोकेश्वरी साहू ने बताया कि पिछले दो माह से सूखा नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन हो रहा है जबकि सूखा नदी पर रेत घाट को खनिज विभाग ने लीज पर नहीं दिया है, बावजूद रेत माफिया रोजना सैकड़ों ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत उत्खनन कर प्रत्येक ट्रैक्टर से 300 रुपए प्रति ट्रिप के हिसाब से पैसा वसूल रहे। दिन में लगभग एक सौ ट्रैक्टर से अधिक अवैध रेत उत्खनन कर सरकार को हजारों रुपए का राजस्व का चूना लगाया जा रहा। जब ग्रामीण मना करते हैं तो रेत माफिया द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होंने बताया कि रेत माफिया ट्रैक्टर को स्कूल के रास्ते ले जाते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है। सरपंच ने कहा कि नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने की जानकारी विभाग को दी जाती है पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



### अग्निवीर भर्ती के लिए कलेक्टर मलिक ने युवाओं को अधिक से अधिक पंजीयन के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने अग्निवीर भर्ती अभियान के लिए स्कूल और महाविद्यालयों में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष आयु वर्ग के अध्ययनरत स्कूली, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन पंजीयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज वन विद्यालय के प्रशिक्षण केंद्र में जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**एसपी, कलेक्टर से की शिकायत, कहा- बैंक कर्मियों की प्रताड़ना से हैं त्रस्त**

# ठगी के शिकार किसान को किस्त पटाने मजबूर कर रहा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा के एक निजी बैंक से लोन के नाम पर ठगी का शिकार हुए बुजुर्ग किसान के खाते में पैसे आए बिना ही किस्त चुकाने को लेकर बैंक द्वारा लगातार तकादा किया जा रहा है। किस्त नहीं चुकाने पर दी जा रही धमकी से व्यथित ग्राम कसहीबाहरा के किसान ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से गुहार लगाकर फर्जी तरीके से लोन की राशि हड़पने वाले उसके स्वयं के बड़े बेटा विजय दास, तत्कालीन बैंक मैनेजर और ग्राम खैरटकला के सचिव विनोद चंद्राकर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

भगवानीदास पिता पुनीदास मानिकपुरी (60) निवासी ग्राम कसहीबाहरा ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि रानिम कोमाखान पहनं 27 में कुल रकबा 1.78 हेक्टेयर जमीन उसके और दोनों पुत्र विजय दास एवं योगेश्वर दास के नाम पर दर्ज है। कुछ माह पूर्व उसका बड़ा पुत्र विजय दास के बहकावे में आकर केसीसी लोन निकलवाने स्वयं और छोटे पुत्र योगेश्वर दास के नाम पर ज्वाइंट खाता खोला गया।



जिसके बाद लोन के लिए एचडीएफसी बैंक बागबाहरा में आवेदन प्रस्तुत किया गया और बाकी की प्रक्रिया को पूरी करने का कार्य एक दलाल द्वारा की गई। जिसके बाद वह दो-तीन बार बैंक गया। लेकिन, हर बार लोन का प्रोसेस में रहने की जानकारी दी गई। करीब एक माह पूर्व एचडीएफसी बैंक के कुछ कर्मचारी घर आए और बताया कि उसके नाम पर ब्याज सहित 30 लाख रुपए का लोन है और उसकी राशि का किश्त अभी तक अदा नहीं किया है। जिसके बाद पुत्र योगेश्वर ने बैंक स्टेटमेंट निकाला, जिसमें कई बार चेक और आहरण पर्ची में योगेश्वर दास का फर्जी हस्ताक्षर कर राशि निकाली गई। जबकि, तकादे के लिए बैंक कर्मचारियों के उसके घर आने से पूर्व उसे मालूम ही नहीं था कि उसके नाम पर लोन निकाला गया है।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## परसराम बने अखिल भारतीय अघरिया समाज परिक्षेत्र महासमुंद के अध्यक्ष

**महासमुंद।** अखिल भारतीय अघरिया समाज महासमुंद का निर्वाचन आज ग्राम तेंदुवाही में संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष के पद पर परसराम पटेल ग्राम कछारडीह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर हेमसागर पटेल गोंगल, कोषाध्यक्ष के पद पर जीतराम पटेल नरतोरा, केंद्रीय प्रतिनिधि के पद पर जयराम पटेल महासमुंद निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया केंद्रीय पर्यवेक्षक द्वारिका पटेल के मार्गदर्शन, नरेश्वर पटेल सैलानी, निर्वाचन अधिकारी संत कुमार पटेल के नेतृत्व में गोपाल नायक, कमल पटेल, भेष कुमार पटेल, हरप्रसाद चौधरी, डंकाधर चौधरी, रोहित पटेल के सराहनीय सहयोग से पूर्ण हुआ। परिणाम की घोषणा के पश्चात चुनाव पर्यवेक्षकों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए तन मन एवं धन से कृत संकल्पित होकर प्रयास करने की बात कही। आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद भाषण में निवर्तमान अध्यक्ष होरीलाल पटेल ने समस्त स्वजातीय बंधुओं एवं क्षेत्र में पधारे समाज के पदाधिकारियों को अपनी गरिमामयी उपस्थिति के लिए हृदय से आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष होरीलाल पटेल सचिव देवा पटेल, चंद्रशेखर पटेल, नरसिंह गुलाब चौधरी, शोभाराम पटेल, तुलाराम पटेल, नारायण चौधरी, रूपलाल पटेल, कार्तिक पटेल, चंदन पटेल, चैन सिंह पटेल, खगेश्वर पटेल, फागूलाल पटेल, लखन पटेल, चंद्रहास कश्यप, ऋषि पटेल, अशोक पटेल, भोजराम पटेल, खीरसागर चौधरी, मदन पटेल, नरेंद्र नायक, मीना नायक, नीतू नायक, यमुना सत्यभामा चौधरी, कमला पटेल, लक्ष्मण पटेल, पदमा पटेल, शंकर पटेल उपस्थित रहे।

**स्पर्धा : छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता**

# बिलासपुर ने डुडुमचुवां को हराकर जीती कबड्डी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम रोहिना में युवा आजाद समिति रोहिना के तत्त्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लगातार आयोजन का 37 वां वर्ष का कबड्डी प्रतियोगिता 26 से 28 जनवरी 2024 तक सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपाली रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा आजाद समिति रोहिना द्वारा लगातार 37 वर्ष तक कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करना एक मिसाल है, खेल शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है, सेवा, सहयोग, प्रेम भाव बढ़ाता है।

मैने संगम सेवा समिति का गठन भी लोगों के सेवा व समाज के निःशक्त, पिछड़े, वंचित वर्गों के उत्थान, जरूरतमंद लोगों के सहयोग के लिए बनाया है। संगम सेवा समिति को कम समय मे भरपूर जनसमर्थन मिलने पर आम जनता का आभार माना।



कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिलासपुर टीम ने 14 अंकों के बड़े अंतर से डुडुमचुवां टीम को पराजित कर 21000 रुपए व ट्राफी पर कब्जा जमाया।,द्वितीय स्थान डुडूमचुवां ने 15000 रुपए व ट्राफी, तृतीय बरमकेला 10000 रुपए व ट्राफी,चतुर्थ रोहिना 7000 रुपए प्राप्त किए। बेस्ट ऑल राउंडर दुर्गेश नेताम बिलासपुर, बेस्ट केचर शेखर चंद्राकर डुडुमचुवां बेस्ट रेडर वीरेंद्र बिलासपुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर प्राप्त किया। इस खेल में स्थानीय टीम व क्षेत्र के स्तरीय 35 टीमों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के बीच-बीच में बालिकाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में तीन दिनों तक खेल प्रेमियों ने हजारों की संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखा। युवा आजाद समिति रोहिना के अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू, संरक्षक केशव सेठ, संयोजक नरहरि साहू, सलाहकार क्षमानिधि साहू, अक्षय सिदार, सचिव मनोरंजन साहू, भीष्मदेव टेकाम, त्रिलोकेश सेठ, महेन्द्र साहू, दामोदर साहू, क्षेत्रपाल टेकाम, अवधेश साहू, शत्रुघ्न गोरियर, धनुरजय मरकाम, हरेश प्रधान, सुमित यादव, विष्णु बंजारा, जीतू बेहरा व अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों ने प्रतियोगिता के शानदार आयोजन में सहयोग करने वाले दानदाताओं , खिलाड़ियों , कबड्डी निर्णायकों, क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व दर्शकों का आभार धन्यवाद ज्ञापित व्यक्त किया है।

## खेल स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग : प्रखर

**सरायपाली।** ग्राम कुटेला में अंतरराज्यीय फ़ुटबॉल का आयोजन युवा फ़ुटबॉल क्लब ग्राम कुटेला द्वारा किया गया जिसमे कई टीमो ने खेल में हिस्सा लिया, तीन दिवसीय इस फुटबॉल खेल के आयोजन में कुटेला का माहौल किसी त्योहार से कम नहीं था। आसपास के ग्राम से भी बड़ी संख्या में लोग खेल देखने पहुंचे थे। अंतिम दिन फाइनल मुक़ाबला बम्हानीपाली एवं नवापारा के बीच खेला गया जिसमें नवापारा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जीत का सेहरा अपने नाम किया। फाइनल मुक़ाबले के दिन पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल सम्मिलित हुए। गाजे बाजे के साथ ग्रामवासियो ने श्री अग्रवाल का स्वागत किया, विजेता टीम को अग्रवाल ने ट्राफ़ी एवं नगद इनाम देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में अग्रवाल ने कहा की खेल स्वास्थ्य जीवन का अभिन्न अंग है। खेल में कहीं न कहीं उत्साह एवं स्वस्थ जीवन का राज छुपा हुआ है एक बेहतरीन खिलाड़ी जीवन में जिस दिशा में चाहे सकारात्मक रूप से आगे जा सकता है और अपने व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकता है। साथ ही श्री अग्रवाल ने युवा क्रिकेट क्लब के सदस्यों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि, इस तरह के खेलों का आयोजन करते रहते हैं जिससे गांव का माहौल सकारात्मक बनता है उक्त कार्यक्रम में संगम सेवा समिति के सदस्य तुषार सेन, तरुण गड़तिया, किशन जायसवाल, आयुष साहू, मनोज पटेल सरपंच, अमित पटेल, अजीत पटेल, जन्मजय नायक ( सरपंच माधोपाली), ओमी मांझी, जयप्रकाश साहू, संतराम निषाद, बाबूलाल चौधरी, जप्पीलाल मांझी, तुषार चौधरी उपस्थित रहे।



## भाजपा शहर मंडल की बैठक हुई, अरूण साव के आगमन अयोध्या दर्शन और गांव चलो अभियान पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ आज डिप्टी सीएम अरूण साव महासमुंद लोकसभा कार्यालय का उदघाटन आज करेंगे। इस संबंध में शहर मंडल की बैठक में विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर और मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि 30 जनवरी को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय बीटीआई रोड में दोपहर 2.30 बजे लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। लोकसभा कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर प्रथम बार अरुण साव के महासमुंद आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा पदाधिकारियों ने इस अवसर पर शहर के सभी 30 वार्डो से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस बैठक में आगामी दिनों में अयोध्या दर्शन, और गांव चलो अभियान की भी जानकारी वक्ताओं द्वारा दी गयी।



शहर मंडल की बैठक में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा, निरंजना शर्मा, प्रकाश शर्मा, सुधा साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, महेंद्र जैन, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, संदीप घोष, हेमलता यादव, गोपाल वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, विष्णु चंद्राकर, मुन्ना साहू, अनुज कुमार पांडेय, अग्रज शर्मा, सीता उत्तर पहरे, महेंद्र शिखा, दिनेश रूपरेला, गोपी कन्नौजे, आकाश पांडे, घनाराम साहू, भगवा पटेल, नंदू जलछत्री, लक्ष्मी साहू, सुनीता साहू, सुरेश कुमार साहू, प्रवीण दीवान, पांडुरंग मदनकर, संतोष वर्मा, अलका पुंज, भगवती करकसे, प्रीति सोनी, सुरेखा कंवर, हेमकांति देवांगन, उषा पाल, जतिन रूपरेला, महेश चौहान, पलाश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोकसभा कार्यालय उद्घाटन की तैयारी को लेकर युवा मोर्चा की हुई बैठक



**महासमुंद।** लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन में पहुंच रहे उप मुख्यमंत्री अरुण साव के स्वागत की तैयारी को लेकर युवा मोर्चा महासमुंद विधानसभा की बैठक युवा मोर्चा के ज़िला प्रभारी प्रशांत श्रीवास्तव की उपस्थिति में युवा मोर्चा युवा मोर्चा महासमुंद विधानसभा के प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने विधानसभा में निवासरत पदाधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने पदाधिकारियों को अलग-अलग जवाबदारियां सौप कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने की बात कही।बैठक का संचालन ज़िला महामंत्री अमन वर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष आनंद साहू, पूर्व ज़िला महामंत्री दिनेश रूपरेला, महासमुंद मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, तुमगांव-सिरपुर मंडल अध्यक्ष डिगेश साहू, झलप-पटेवा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, सुमित जैन, जतिन रूपरेला, आकाश पांडेय, अमित साहू, अभिषेक पांडे, भूनेश्वर साहू, रोशन बग्गा, सात्विक वर्मा, हर्ष ग़ौतम, ख़ुसाल साहू, देव पटेल, निखिल केला, पलाश यादव, आदित्य जैन, मिथलेश साहू, मानिक सोनवानी, आरू सिंग राजपूत मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पीएससी परीक्षा की तैयारी, अंतिम टेस्ट पेपर में शामिल हुए परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में 10 टेस्ट सीरीज का अंतिम टेस्ट पेपर का आयोजन किया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज दसवां व अंतिम टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज दसवां व अंतिम टेस्ट पेपर सी सेट - 2 का हुआ। दसवां व अंतिम टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले कुल 73 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया।

## आधुनिकता की चकाचौंध में पुरातन संस्कृति को जीवित रखना ही महत्वपूर्ण : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा विगत दिनों पंचायत हरनादादर में भव्य मड़ई मेला के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हुए। । जिसका मुख्य आकर्षण जय चंडी नव युवक समिति के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी थी। राजगीत, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की भव्य शुरुआत हुई, सैकड़ों की भीड़ भरे इस कार्यक्रम में मंच में उपस्थित सभी का जोरदार स्वागत हुआ मंच का संचालन किशन भारद्वाज ने किया।

अपने उद्बोधन में अंकित बागबाहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जीवित रखने के लिए लगातार ऐसे आयोजन गांव-गांव में होना जरूरी है,



आज खेती किसानी के खरीफ के काम से निपट किसान साथी रबी फसल की तैयारी कर रहे अपनी फसल बेच अभी इत्मिनान से उत्सव उल्लास से मनाते हैं, पिछली कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी खेल कूद, संस्कृति को जीवित रखने खूब काम किया और हम सब का दायित्व है कि इसे लगातार निभाएं ताकि आने वाली नई पीढ़ियां भी अपनी माटी अपनी संस्कृति की पहचान आधुनिकता की चकाचौंध में खो न दे। आयोजन समिति को मुक्तकंठ से बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन लगातार करवाते रहें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच में मंगलू राम ठाकुर जनपद सदस्य, हरकेश चंद्राकर सरपंच, डोमन बरिहा पूर्व जनपद सदस्य, हीरा दास टंडन, रामदास खूंटे, लखन साहू, राजू चंद्राकर पूर्व सरपंच, चितेश्वर ध्रुव, पुरुषोत्तम पटेल, राकेश निषाद, गोवर्धन पटेल, किशन भारद्वाज, जीवर्धन पटेल, रमेश डहरिया, छन्नू डहरिया, देवचरण देवांगन, संतोष यादव, जीवराखन साहू, सुखरू ठाकुर, पान सिंह यादव, डिगेश्वर साहू, भूषण निराला, तेजेश्वर बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और मेले में आए लोग उपस्थित थे।

## माघ पूर्णिमा और शिवरात्रि पर हो पांच दिवसीय सिरपुर महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर के ग्रामीणों और ग्राम पंचायत सिरपुर ने सिरपुर महोत्सव को 5 दिवसीय करने की मांग पर्यटक एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से की है। पत्र में कहा गया है कि भाजपा शासन में भव्य तरीके से तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाता था किंतु कांग्रेस शासन में नाममात्र का ही महोत्सव रह गया था। इस बार पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाए जिसमें तीन दिन माघ



पूर्णिमा के अवसर पर और दो दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजन किया जाए। रात्रि 10 बजे से ख्यातिनाम कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा महोत्सव के लिए तय की जानी चाहिए। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी शामिल करने की मांग मंत्री श्री अग्रवाल से रायपुर में मुलाकात कर की है। इस दौरान सरपंच ललित कुमार ध्रुव, भाजपा नेता सुखीराम हिरवानी, दुलरवा धीवर, भारत लाल साहू, ठाकुरराम साहू, राजेश ठाकुर, मनहरन निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

## गोंडवाना गोंड महासभा ने आयोजित किया युवक-युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा गोंड समाज का युवक–युवती परिचय सम्मेलन पुजारी पार्क रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सामाजिकजनों की उपस्थिति के साथ गोंड समाज के 300 से अधिक युवक युवतियों का पंजीयन फार्म जमा हुआ। कार्यक्रम में इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, पटवारी सहित सभी प्रकार के युवाओं ने मंच में अपने परिचय दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामविचार नेताम मंत्री कृषि विभाग, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प पिछड़ा वर्ग छत्तीसगढ़ शासन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह मांझी, प्रदेश अध्यक्ष विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक अंतागढ़ अनुप नाग, संरक्षक बीपीएस नेताम, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हिम्मत सिंह आरमो, राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सह सचिव शंकर लाल उइके, राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रभाग श्रीमती कांति नाग, आईपीएस डीआर आचला, पवन नेताम, पूर्व न्यायधीश सनमान सिंह, प्रांतीय महासचिव आर एन ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद ठाकुर, बलदाऊ ध्रुव, प्रदेश कोषाध्यक्ष फुलसिंह नेताम, प्रदेश संगठन मंत्री



डॉ एलएस ध्रुव, विकेश हिचामी, संयुक्त सचिव विजय कौशिक भुवनेश्वर सिदार, प्रदेश मीडिया प्रभारी रोहित कुमार मरकाम, जिला अध्यक्ष धमतरी शिवचरण नेताम, जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा शक्ति सरवन सिदार, जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार राम ध्रुव अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष बिलासपुर आरसी ध्रुव जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार राम ध्रुव, जिला अध्यक्ष महासमुंद एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, प्रवीण ठाकुर, पीएन मरावी, जिला अध्यक्ष बेमेतरा एचआर ध्रुव, एमएल ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मुरीत मंडावी, डॉ एआर ठाकुर, डॉ हेमवती ठाकुर, भारत लाल मार्को, कुलंजन मंडावी, बनमाली नेटि, आर के पोयाम, टामेश्वर ठाकुर, हेमंत पोर्ते, मानसिंह ध्रुव, एनके ठाकुर, ओम प्रकाश नेताम, शंकर नागवंशी, महेंद्र नेताम, के एस परते, महेश ध्रुव, देवसिंह मार्को, एलएस ध्रुव, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंजीयन कराने वाले समाज की युवतियों में दीपिका मरकाम, नीरा ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, भावना ध्रुव, मनीषा ठाकुर, अनिता ठाकुर लक्ष्मी परेश्वर तनुजा ध्रुव, ललिता ध्रुव, नीरा ध्रुव, इंद्राणी ध्रुव, कुमुदानी ध्रुव, युवकों में द्वारिका प्रसाद नागवंशी, गजेंद्र ध्रुव, गणेश सिदार पालकगण जानकी ठाकुर, पानसिंह ठाकुर, दयालु सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित रहे।

## बगईजोर के हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव व फुलझर सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आरएस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल बगाईजोर में वार्षिकोत्सव सह फुलझर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चातुरी डिग्रीलाल नंद विधायक, अध्यक्षता गिरधारी साहू अध्यक्ष कोलता समाज कुल कार्यकारिणी रायपुर संभाग एवं विशिष्ट अतिथि अमृत पटेल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, श्रीमती सीता अमृत पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष, आरएस साहू संरक्षक आरएस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल, नरेंद्र साहू स्कूल संचालक, फुलझर सम्मान चयन समिति के सदस्य खेमराज पटेल, ध्रुव मलिक, केआर चौधरी, डॉ पीसाहू, सीएल पुहुप, ललित कुमार साहू, जयंत बारीक, धर्मेंद्र नाथ राणा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती चातुरी नंद विधायक द्वारा मां सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी, संबलपुरी, पंजाबी, गेड़ी नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू के द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया। फुलझर क्षेत्र के विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए फुलझर सम्मान समारोह के अंतर्गत फुलझर विरासत सम्मान से कैलाश शंकर प्रधान को शिक्षा, यशवंत बरीहा को शिक्षा एवं समाज सेवा, पुनीत राम चौधरी को शिक्षा एवं समाज सेवा में अविस्मरणीय योगदान के लिए फल, अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



फुलझर प्रतिभा सम्मान के आठ विधाओं में हरिचरण प्रधान समाज सेवा, अमृतलाल पटेल साहित्य, द्वारपाल प्रसाद पांडे शिक्षा, लिंगराज पटेल कला, योगेश कुमार बढ़ाई पर्यावरण, सिस्टर एलिजाबेथ दास चिकित्सा, आजाद युवा समिति रोहिना खेल, भूपेंद्र साहू को कृषि के लिए फल, अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती चातुरी नंद द्वारा अपने उद्बोधन में सम्मानित महानुभावों के योगदान को रेखांकित कर फुलझर क्षेत्र का गौरव एवं प्रेरणास्त्रोत बताया। अध्यक्षता कर रहे गिरधारी साहू ने इस सम्मान समारोह के आयोजन के लिए आरएस इंग्लिश मीडियम स्कूल बगाईजोर को साधुवाद दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पालकों एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन ललित कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन एमएम साहू द्वारा किया गया।

## समृद्धि और समरसता का महापर्वः संविधान दिवस

**महासमुंद।** संविधान दिवस के 75वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्था प्रशिक्षण केंद्र में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया गया। शुक्ला ने बताया कि भारत की एकता, अखंडता को ध्यान में रखते हुए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए संविधान को राष्ट्रहित में लागू किया गया। संविधान का समर्पण-गणतंत्र दिवस, भारतीय संविधान की अद्बितीयता को याद करने का एक शानदार दिन है। इस दिन, हम संविधान के समर्पण, सशक्ति, और सामरिक न्याय को सलामी देते हैं। गणतंत्र दिवस लोकतंत्र की महत्वपूर्णता को हाथ में लेकर आता है। यह दिन हमें स्वतंत्र और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करने का समर्थन करता है। यह दिवस प्रजासत्ता की महत्वपूर्ण भूमिका को अभिवादन करता है। यह दिन हमें यह सिखाता है कि सत्ता का अधिकार जनता के हाथ में है और उन्हें उसे सावधानीपूर्वक बनाए रखना चाहिए। अपने अधिकारों का जागरुकता के परिणाम स्वरुप नागरिकों को उनके संविधानीक अधिकारों का सही से उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। इस दिन भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्र को समर्पित और सुरक्षित बनाने के लिए अपने कार्यों की समीक्षा करते है और देश के लोगों को समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करते है।गणतंत्र दिवस, भारतीय राष्ट्रीयता और एकता की भावना को मजबूत करने में सहायक है। यह राष्ट्र को एक समृद्ध और समर्पित सामूहिकता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। गणतंत्र दिवस भारत के संविधानिक और लोकतंत्री दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हमें राष्ट्रीय एकता और सामर्थ्य में वृद्धि का मौका प्रदान करता है।

**खबर संक्षेप**



## कमरौद स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला कमरौद के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिरपुर ले जाया गया। जहां बच्चों ने गंधेश्वर महादेव के दर्शन किए तथा विश्व धरोहर लक्ष्मण मंदिर के प्राचीनतम इतिहास को जाना। साथ ही पिकनिक का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरपंच प्रेमीन ध्रुव, उपसरपंच मीना साहू, उपाध्यक्ष कुमारी विश्वकर्मा, सदस्य मोहनी साहू, सावित्री पटेल, शिक्षक चमन लाल साहू, राधे श्याम बगर्ती, खिलेश्वर प्रसाद साहू, भरत लाल साहू, मनोहर लाल साहू, सत्य भूषण नसीने उपस्थित रहे।

## जिला अध्यक्ष बने सीआर साहू



**महासमुंद।** छग सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ की जिला शाखा का निर्वाचन कार्यक्रम एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें लगातार दूसरी बार जिला अध्यक्ष निर्विरोध सीआर साहू चुने गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत पशु चिकित्सा अधिकारी एनआर पाटिल और वायके सिन्हा को विदाई दी गई। सेवानिवृत अधिकारियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी संघ अध्यक्ष सीआर साहू ने संघ के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम कुमार चंद्राकर, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य आरके सिदार, एलएल साहू भी उपस्थित रहे।

## बिरकोनी में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक व अन्न दान का पर्व छेरछेरा धूमधाम से मनाया गया। छेरछेरा का पर्व नई फसल को खलिहान से घर लाने की खुशी में खास तौर पर पौष पूर्णिमा के दिन अन्न दान की जाती है। छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेर से संबोधित कर घर के आंगन में दान दिया गया। इस पर्व को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। सभी घर से धान एकत्रित कर दुकान में बेच कर पैसा को बच्चों की टोली में बराबर बांटी गई। इस पैसा से बच्चे अपने शौक के हिसाब से खर्च किए। कोई शिक्षा से संबंधित सामग्री खरीदी तो को मड़ई मेले में अपने पसंद के खिलौने खरीद कर अपने उत्सुकता जाहिर की। क्षेत्र के मानस मंडलियों द्वारा पारम्परिक छत्तीसगढ़ गीतों व नृत्य की प्रस्तुति देते हुए अन्न दान का महापर्व धार्मिक विधिविधान से मनाया गया।

**धर्म कर्म : सात दिनों तक चलेगा यह भक्तिमय आयोजन**

# कलश यात्रा के साथ तरेकेला में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा अंतर्गत ग्राम तरेकेला में 28 जनवरी से सात दिवसीय सरस संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ सद्गुरू कबीर साहेब के प्रचार प्रसार केंद्र प्राचीन कबीर कुटी के महंत लखन मुनि ने किया है।

28 फरवरी से शुभारंभ हुए संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में कथावाचक साध्वी अरूणा देवी वृंदावन धाम से आईं हैं। श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में भारी संख्या में श्रध्दालु शामिल हुए। कलश यात्रा से पूरा गांव का वातावरण वृंदावन लग रहा था। कलश यात्रा के दौरान भक्तिमय गीतों पर बालिकाओं का नृत्य बहुत ही मनमोहक व आकर्षक लग रहा था। ग्राम तरेकेला पावन धाम नजर आ रहा था। उल्लेखनीय है कि विश्व पटल पर अयोध्या पुरी में सैकड़ों वर्षो बाद श्रीराम लला के नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इसी तारतम्य में देश दुनिया में विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। वर्तमान भक्ति काल के समय में



सम्पूर्ण सनातन हिंदू समाज इस आयोजन को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस परम दुर्लभ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा प्रवाह में तरेकेला के अलावा रेमडा, केंदूढार, बसना, पिथौरा, सरायपाली, पिरदा, पथरला, भंवरपुर, सागरपाली, सावित्रीपुर, बुंदेली, मुनगाडीह, डूमरपाली, पीपलखूंटा, आमाभौना, बरोली, तेंदूमुडी, बड़ेडाभा, भजपुरी, बरभांठा, डबरा, बंसुला ,कांसीगढ़, छपोरा, सारंगढ़, चोरभट्ठी, साजापाली, बीरगांव, बामड़ाडीह, ठेलकोदादर, जोगीदादर, किसोननपुर, रायपुर, गरियाबंद, बिलाईगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु भक्त पहुंच चुके हैं।

प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के भूतपूर्व महंत माधव दास की पुण्य स्मृति में यहां समय-समय पर सत्संग, भजन संध्या एवं कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस पर विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम महंत लखन मुनि साहेब के मार्गदर्शन में आयोजित होते रहते हैं। प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला का भूमि दानदाता लक्ष्मी ओमप्रकाश पारेश्वर ने इस सरस संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में सभी भक्तजनों को पधारने की अपील की है। युवा सेवा समिति के अध्यक्ष खीरसागर पटेल ने बताया कि संध्याकालीन सत्र में प्रतिदिन 03 बजे से संध्या 7 बजे तक भागवत कथा के पश्चात प्रतिदिन भंडारा का आयोजन रखा गया है।

ग्राम के वरिष्ठ मोतीलाल दाऊ ने बताया कि प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला में शुभारंभ हुए ज्ञान यज्ञ कथा के लिए महंत लखन मुनि के मार्गदर्शन में व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से संपन्न करने मे लगे हैं। कार्यक्रम के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार से असुविधा न हो, इस पर काम किया जा रहा है।

वहीं ग्राम प्रमुख नेपाल पटेल ने बताया कि एक लंबे अंतराल के बाद ग्राम तरेकेला में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा प्रवाहित होने जा रही है। प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि ने बताया कि कथा प्रारंभ दिवस 28 जनवरी- कलश यात्रा, पंचांग पूजन, 29 जनवरी को हरि चौबीस अवतार, सुखदेव आगमन, 30 जनवरी को ध्रुव चरित्र, प्रहल्लाद चरित्र, जड़भरत चरित्र, 31 जनवरी को वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 01 फरवरी को कृष्णबाल लीला, माखनचोरी, छप्पनभोग, 2 फरवरी को रुक्मिणी विवाह, 3 फरवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, 04 फरवरी को तुलसी वर्षा, छप्पन भोग, हवन, महाभंडारा पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

# रोहिना में राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



युवा आजाद समिति रोहिना के तत्वावधान में लगातार 37वां वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 जनवरी को हुआ। मुख्य अतिथि जज्ञसिनी साहू सरपंच ग्राम पंचायत रोहिना, अध्यक्षता छालो विश्राम प्रबंधन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक-पिथौरा, विशिष्ट अतिथि सीताराम चौधरी प्रबंधन सहकारी समिति रोहिना, तुलाराम चौहान प्रबंधन सहकारी समिति लंबर, अजय जायसवाल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल रोहिना, उसत कुमार सचिव ग्राम पंचायत रोहिना, सोहन पटेल कोषाध्यक्ष भाजयुमो महासमुंद, ग्राम पंचायत रोहिना के समस्त पंचगण रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में लगातार 37वें वर्ष के कबड्डी प्रतियोगिता के सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस लगातार कबड्डी खेल जारी रहा। युवा क्षेत्रीय खेल विकास एवं सांस्कृतिक समिति सरायपाली के पदाधिकारियों ने उपस्थिति दी।

अनंत सिंह नेताम संरक्षण, राजकुमार पटेल अध्यक्ष, मुकेश साहू राष्ट्रीय एंपायर, जयकृष्ण चौधरी राष्ट्रीय एंपायर, शिव पटेल पीटीआई, अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी हमारा देशी खेल है। और युवा आजाद समिति रोहिना ने इसे लगातार 37 वर्ष तक आयोजित कर जीवित रखा है। कबड्डी हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। इस दिन जिला खेल अधिकरी मनोज कुमार धृतलहरे का आगमन हुआ। युवा आजाद समिति रोहिना द्वारा कबड्डी मैदान में साल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। शाम के समय सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रामनारायण आदित्य अधिवक्ता व अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी थे। उन्होंने लगातार 37 वर्ष तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक करने पर सराहा। युवा आजाद समिति के अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू व संरक्षक केशव सेठ ने बताया है कि इस वर्ष बिलासपुर, दिल्ली, जटा कन्हार, जलगड़, डुडुमचुवां, सागरपाली, दुर्गापाली के साथ ही बहुत बड़ी टीमों ने भाग लिया है। तृतीय दिवस फाइनल तक के मैच संपन्न होंगे।

## रामलला फिर से राम जन्मभूमि में प्रतिष्ठित हो रहे हैं, यह सर्वसाधारण घटना नहीं: अनुसुइया

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें विशेष अतिथि के रूप में महासमुंद के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि राम ने भरद्वाज आश्रम पहुंचकर हनुमान को इस आशय से भरत के पास भेजा कि अगर इतने सालों तक राजसत्ता में रहकर भरत के मन में जरा भी राजपद की आकांक्षा जन्मी हुई देखना या मेरे आने के समाचार से खुश न देखना तो मुझे बताना। मैं यही से वापस लौट जाऊंगा, भरत को बिना मिले और बिना बताए। अयोध्या जाऊंगा ही नहीं। इस तरह से दूसरों की इच्छाओं का मन से भी मान देकर स्वयं के सुखों का त्याग करने वाले इतिहास में अकेले राम ही हुए हैं। इसीलिए राम जनता के हृदयहार हैं। उन्होंने कहा कि राम का अर्थ है वह जो आनंद देता है, जो हर कृति, हर शब्दों से, अपने कर्तव्य परायणता के कारण सबको संतोष देता है। ऐसे राम जब अपने जन्म स्थान से दूर थे, हमारे हृदय में भी हम उनको खो बैठे। प्रतीकात्मक रूप से कह सकते है। 500 बरस जब राम जन्मस्थान मंदिर में नहीं थे तब हम भी उस त्याग, कर्तव्य परायणता और संतोष भाव से दूर हो चले थे। सकारात्मकता से नाता टूटने लगा था। उदासीन और अनुशासनहीन होने लगे थे। किंतु, राम के पुनरागमन पर मंगल उत्सव के साथ हमने मन के अंधकार को भी दूर करने का संकल्प लिया है। और जन-जन शबरी बनकर अपने हृदय रुपी झोपड़ी को राम रूपी सद्विचारों के रहने योग्य बना रहा है। राम फिर से राम जन्मभूमि में प्रतिष्ठित हो रहे हैं।

# वृंदावन विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय वृंदावन विद्यालय में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगाठ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालीन छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रातः काल देशभक्ति नारों के साथ रैली निकालकर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवीचंद राठी (पार्षद वार्ड नं. 10), अमृतानंद गिरी महाराज (बद्रीनाथ के बारहमासी संत बाबा बर्फानी), अतिथिगण चंद्रशेखर गौर, प्रभा साहू, वृंदावन विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर तथा क्रमशः राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राज्यगीत का गान किया गया।

तत्पश्चात मां सरस्वती, मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंम्बेडकर व समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर नमन किया गया। शिक्षिका अंशु यादव व काजल ठाकुर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में प्लेज व देशभक्ति गीत का सामूहिक गान किया गया। अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक, कविता, भाषण इत्यादि का पूर्ण उत्साह व उमंग से प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि देवीचंद राठी द्वारा भारत के संविधान के महत्व को बताया गया। बाबा अमृतानंद गिरी द्वारा भारतीय संस्कृति व संविधान को भारत की अमुल्य रत्न बताया गया। चंद्रशेखर गौर द्वारा गीत के माध्यम से देशभक्ति के भाव को प्रकट किया गया। संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन द्वारा गणतंत्र व संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो से बच्चों को अवगत कराया गया। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य डॉ डीके साहू द्वारा गुरु गोविन्द के महत्व को बताया। इसी क्रम में विद्यालय प्रांगण में अतिथिगण मुकेश आर्य, कीर्ति सोनी, हीरा लाल साहू, हरख राम चंद्राकर, मान वेणु गोपाल, चंदन गौर, रेखा गौर, नेहा गौर मौजूद रहे। शिक्षिका आशा ज्योति डोरा व उर्मिला अग्निहोत्री, लक्ष्मी नारायण साहू ने अपने विचार रखे। शिक्षिका मनीषा निर्मलकर, नीरू मांझी द्वारा अंग्रेजी भाषा, जागृति साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा, विजय लक्ष्मी राव द्वारा हिंदी भाषा व रेखा साहू द्वारा संस्कृत भाषा में अपना देशभक्ति भाषण प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय की नायिका रूबिना बानो, शाला नायक तिरण सोनवानी, उपनायिका स्वेच्छा वर्मा, उपनायक समीर साहू द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपना भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन काजल ठाकुर व आभार प्रदर्शन विजय लक्ष्मी राव किया गया। मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, इंदु मिश्रा, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, जाबिर खान एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

## सरपंच भामिनी ने रखी विधायक के समक्ष ग्रामीणों की मांगें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा के सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुलाकात कर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकता एवं मांगों के बारे में विस्तृत चर्चा की।

सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अखंड रामायण स्थल रामसत्ता चौक टेढ़ी पारा में शेड निर्माण, नवातरिया से टेढ़ी पारा तथा हटवारा पारा की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य तथा हटवारा पारा में रंगमंच निर्माण के लिए विधायक मद से तत्काल कार्य स्वीकृत करने क़े लिए आग्रह किया। विदित है कि पिछले वर्ष श्रीमती चंद्राकर ने साहू समाज के आग्रह पर शादी विवाह कार्यक्रम के लिए साहू भवन के पास जगह आबंटित किया था, जिसने चारो तरफ घेरा की आवश्यकता को देखते हुए विधायक से घेरा निर्माण के लिए भी बताया।

श्रीमती चंद्राकर के साथ गांव से सरपंच प्रतिनिधि पोखन लाल चंद्राकर, उदेराम साहू, शत्रुघ्न साहू, रामसहाय साहू, पंच प्रकाश साहू, पवन साहू, कृष्णा साहू, मोहन साहू तथा तेजेश्वर चंद्राकर उपस्थित रहे।

## राज्य कराते संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव बने वीरेंद्र

**पिथौरा।** ग्राम गोंड़बहाल के वीरेंद्र कुमार डडसेना को राज्य कराते संघ का



प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्ति किए जाने पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में हर्ष व्यप्त है। यह नियुक्ति पत्र यूनाइटेड शोतोकान कराते फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ सुमन तलवार फ़ल्मि अभिनेता, राष्ट्रीय अध्यक्ष क्योसी हैदर अली के निर्देशानुसार राज्य कराते संघ के अध्यक्ष सनत राठौर, निर्देशक संतोष गुप्ता एवं राज्य प्रमुख वरुण पांडेय द्वारा प्रदान किया गया है। इनकी नियुक्ति पर बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, राज्य कराते संघ यूएसके प्रदेश सचिव उपेंद्र प्रधान, राज्य कराते संघ यूएसके महिला प्रकोष्ठ सचिव वंशिका चौहान, बसना प्रभारी जगन्नाथ साहू, पिथौरा प्रभारी राजेश चक्रधारी, मीरा पंडा, बागबाहरा प्रभारी दलेश्वर राणा, हरिशंकर देवांगन, रुकमनी रौतिया, पूजा गजेंद्र, राकेश साहू, गजेंद्र नारंग, दीपक निषाद, हरजीत कौर, प्रिंसी कुर्रे, शारदा निर्मलकर, सूर्यकांत मिश्रा, बृजेश मिश्रा व ग्राम पंचायत गोंड़बहाल सरपंच सादराम पटेल, पंच हृदयेश सिन्हा व सभी शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

# रामदर्शन पब्लिक स्कूल में सुरक्षा गार्ड ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

26 जनवरी हो या 15 अगस्त या अपना कोई अन्य अवसर हो राष्ट्रध्वज का फहराना सम्मान की बात होती है। इस कार्य के लिए स्थानीय नेताओं, समाज स्वयंसेवकों की होड़ लगी रहती है, जब कोई नवनीत झंडोत्तोलन करता है और तिरंगे की सलामी लेता है, तो एक प्रकार से विशिष्ट तरह की अनुभूति होती है। राष्ट्र के प्रति प्रेम हिला देने लगता है और हर किसी का सीना गर्व से चौड़ा होता हो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण या झंडोतोलन हमेशा गर्व का विषय होता है। लेकिन, जब ये सुअवसर किसी ऐसे व्यक्ति को मिल जाए, किसने जीवन में कभी सोचा ही नहीं कि ऐसा



गौरवमयी कार्य भी अभी उसके हाथों सम्पन्न हो सकता है तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। ऐसा ही हुआ राजकुमार के साथ। जो कि शहर से लगे ग्राम जधोरा के रामदर्शन पब्लिक स्कूल में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। सुबह सबकी तरह गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित था राजकुमार, लेकिन जब स्कूल के संचालक ने सैकड़ों विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट के मध्य गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में संस्थान में कार्यरत सुरक्षा गार्ड राजकुमार बरिहा को झंडोतोलन के लिए आमंत्रित किया, तो उसकी खुशी का ठिकाना ना रहा। विद्यार्थियों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लेगों के लिए भी यह अकल्पनीय था। राम दर्शन पब्लिक स्कूल के इस पहल की खूब चर्चा है रही है और सर्वत्र सराहना हो रही हैं।

# केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट और गाइड के बच्चे कलर पार्टी द्वारा विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर ससम्मान ध्वजारोहण स्थल तक लेकर आए।

प्राचार्य कंसल ने राष्ट्रध्वज फहराया और तिरंगे को सैल्यूट किया। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट कर ध्वज को सलामी दी। प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के लिए अपने उद्बोधन का आरंभ ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत की पंक्तियों से किया। इस गीत के माध्यम से शहीदों के



बलिदान को कभी न भूलने की बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान को समर्पित 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। विश्व का सबसे बड़ा और लिखित संविधान हमारे देश का है, जिसे तैयार करने में बाबा साहब अंबेडकर की महती भूमिका रही है। उन्होंने बच्चों से अच्छी सोच रखकर भविष्य में एक अच्छे नागरिक के रूप में देश सेवा करने की अपील की। प्राचार्य ने बच्चों के आत्मबल को उन्नत करते हुए कहा कि हम बढ़ेंगे तो देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने अपने पूर्व सैन्य केंद्रीय विद्यालयों को स्मरण कर देश की सेना के अमूल्य योगदान को नमन किया। कंसल ने स्वयं अपने हाथों से नन्हे मुन्ने बच्चों तथा समस्त स्टॉफ के सदस्यों को मिष्ठान वितरण भी किया। शिक्षक उद्बोधन में डीआर यादव ने है प्रीत जहां की रीत सदा के साथ भारत की गौरवगाथा गान कर अपने मन के उद्गार व्यक्त किए।

राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों ने संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन और गुलाब आवड़े के मार्गदर्शन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसमें देशभक्ति गीत, भजन भाषण, नृत्य, योगासन इत्यादि शामिल रहे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय का समस्त शिक्षक वृंद उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षकद्वय जेके चंद्राकर, ओपी चंद्राकर और कक्षा 11वीं की छात्राओं समृद्धि बंसोड़ व गोली चंद्राकर ने किया।

## देश में नकारात्मक माहौल बना रहे इंडिया गठबंधन को जनता ने नकारा : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि इंडिया गठबंधन आपस में ही उलझ कर रह गया है। विगत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में देश की जनता ने 3 राज्यों में कांग्रेस सहित उनके सहयोगी दलों को नकार दिया है। साहू ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन नकारात्मक सोच पर बना है। इसलिए उसका कोई भविष्य नहीं है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी और उत्तर प्रदेश में बसपा अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। इंडिया गठबंधन लोकसभा



चुनाव से पूर्व ही पूरी तरह बिखरने लगे हैं। साहू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर कहा कि राहुल गांधी अपने ही सहयोगी दलों के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। राहुल ने पहले दक्षिण से उत्तर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जो कई राज्यों से होकर गुजरी। पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव के दौरान तीन राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल गए। अब राहुल गांधी फिर से यात्रा पर निकले हैं। जिन राज्यों में कांग्रेस बची है, आने वाले दिनों में वहां भी नजर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धीरे-धीरे देश से खत्म हो रही है, अब उसका कोई भविष्य नहीं है। आज देश की जनता के सामने दो ही विकल्प है। एक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी है जहां भरोसे का नेतृत्व है। दूसरी ओर कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों का गठबंधन। जहां के नेतृत्व अज्ञात हाथों में है। नकारात्मक सोच पर बना यह गठबंधन अंतर्विरोधों से भरा हुआ है। देश की जनता समझ चुकी है कि गठबंधन के नाम पर कांग्रेस व सहयोगी दल मिलकर देश में नकारात्मक माहौल बना रही है। इसलिए जनता को केवल सेवा, सुशासन की पार्टी भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा है।

## खबर संक्षेप



### दृष्टिबाधित चार छात्र लेंगे ब्रेललिपि प्रशिक्षण

**महासमुंद।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा निमोरा रायपुर में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए आयोजित ब्रेनलिपि प्रशिक्षण के लिए जिला महासमुंद के चार दृष्टिबाधित विद्यार्थी रवाना हुए। ब्रेनलिपि प्रशिक्षण निमोरा में कक्षा चौथी और पांचवी में अध्यनरत दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों के लिए आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, बसना, सरायपाली से एक-एक विद्यार्थी भाग लेने के लिए आज रवाना हुए। अवसर पर डीएन जांगड़े एपीसी, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद, केशव साहू ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया।

### महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



**महासमुंद।** श्री सांईनाथ जन सेवा समिति भिलाई के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जन सेवक 60 संस्थाओं को आमंत्रित किया गया था। उपरोक्त सम्मान के लिए समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के संस्थापक माधव राव का आभार व्यक्त किया और कहा ऐसे सम्मान से जनसेवकों में कार्य करने की उत्साह बनी रहती है। यह सम्मान हमारे सभी रक्तदाताओं को समर्पित है जिनके वजह से ही समिति लोगों की हरसंभव मदद के लिए आगे रहती है।

### नर्रा में उर्स पाक धूमधाम से मनाया गया



**नर्रा ।** ग्राम मे हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह (रअ) पानीपत नर्रा शरीफ जिला महासमुंद छग द्वारा 28 जनवरी रविवार को शाम जुलूस निकाल कर गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए मजार में संदल शरीफ और चादरपोशी की गई । बाद नमाज मगरिब तकरीर बाद आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी धर्मों के लोग शरीक हुए । इस मौके पर मो असरफ रिजवी खरियार रोड, जावेद खान रायपुर, मो यमीन खान, विजय शंकर निगम, राजेंद्र गुप्ता, मो यूनुस खान, असलम खान, शब्बू भाई, अनवर अली, उमर बेग, अजीज खान, अब्दुल मन्नान, अनवर अली, शेख इनायत, अब्दुल मन्नान, फरदीन फरीद, सुल्तान रमजान, शहबाज सफरबेग, याकूबब खान एवं बडी संख्या मे मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित रहे ।

# हल्दी-कुमकुम सनातनी संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक : प्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला महिला मराठा समाज ने धूमधाम से मनाया हल्दी-कुमकुम महोत्सव



जिला महिला मराठा समाज महासमुंद ने सामूहिक हल्दी-कुमकुम महोत्सव कार्यक्रम रविवार को काव्यांश भवन में आयोजित किया गया। समाज की महिलाओं ने भारत माता, जीजामाता, क्षत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मां भवानी, जीजामाता और क्षत्रपति शिवाजी व जय भवानी-जय शिवाजी के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर उपहार स्वरूप श्रृंगार सामग्री अन्य उपहार देकर सुख सौभाग्य की कामना की। हल्दी-कुमकुम महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता मराठा महिला समाज अध्यक्ष अनिता पवार, विशेष अतिथि श्रद्धा पवार, विशिष्ट अतिथि समाज संरक्षक वंदना थिटे एवं कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव श्रीमती रामेश्वरी घाड़गे ने किया। आभार प्रदर्शन वंदना थिटे ने किया। मुख्य अतिथि प्रिया सिन्हा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हल्दी-कुमकुम सनातनी संस्कृति में अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। हल्दी-कुमकुम से सौभाग्य में वृद्धि होती है। मकर संक्रांति से इस पर्व की शुरूआत होती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को परंपरा निभाने के साथ ही एक-दूसरे को जानने और समझने का मौका भी मिलता है। मेलजोल बढ़ने से नए विचार और नई ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक एकता बढ़ती है। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिता आयोजन भी हुआ। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में माया भोसले, मालती भोसले, किरण पवार, शोभा घाड़गे, लक्ष्मी शिंदे, आशा भोसले, ज्योति भोसले, भारती महाड़कि, सीमा इंगोले, कल्पना इंगोल, प्रीति इंगोले, भावना भोसले, मीना पवार, शोभा भोसल, मोनिषा गड़ाक, नीता भोसले, मनीषा भोसले, मनीषा पवार, ज्योति भोसले, मीरा भोसले, गीता भोयर, मीना काले, पायल जाधव, कृतिका भोसले, ऋतिका भोसले, ममता घाड़गे, यनिता घाड़गे, बबिता घाड़गे, प्रतिभा आहेर, पूनम पवार, माधुरी पवार, संध्या सेलके, कविता भोसले, सतरूपा घोरपड़े आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों का लूट विशेष आकर्षक रहा।

## आयोजन : उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की सामाजिक पहल की सराहना

# प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रहा यादव समाज : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छतीसगढ़ झेरिया यादव समाज के सामाजिक सम्मेलन,सामूहिक आदर्श विवाह,युवक युवती परिचय सम्मेलन में पहुचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर खुशहाल दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए समाज के आवश्यकता को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

रविवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा झेरिया यादव समाज द्वारा राजधानी रायपुर के महादेव घाट में आयोजित सामाजिक सम्मेलन सामूहिक आदर्श विवाह, युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनका स्वागत यादव समाज ने किया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की पूजा आरती की गई।

कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि समाज की अच्छी पहल है। मंच पर विवाह योग्य युवक-युवती आपस मे मिल कर विवाह योग्य वर-वधू ढूंढ़ने में समय और धन की बचत होती है ।उन्होंने 6 विवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यादव समाज छग के विकास में अपनी बराबर की भागीदारी दे रहा है व भारत के स्वाभिमान मान सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण कारी कार्य को पूरा करने तथा मोदी की गारंटी एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने को प्रतिबद्ध है। नवनिर्मित छात्रावास ,भवन सभागार का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बताया कि सामाजिक भवन रायपुर में प्रदेश भर के पढ़ने वाले बच्चों के रहने की उचित व्यवस्था की गई है। श्री यादव ने समाज के रीति रिवाजों एवं गतिविधियों पर पर प्रकाश डाला समाज के नवनिर्मित भवन के लिए फर्नीचर सहित अन्य व्यवस्था के 10 लाख की राशि की मांग की मांग की गई, जिसे मंत्री द्वारा पूरा करने का आश्वसन दिया गया। संचालन राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ ने किया। इस अवसर पर भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, आशा यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित महासमुंद जिला से प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, सोहन लाल यादव, जीवन यादव, जनक यादव, चरण यादव, मनोज यादव, छगन यादव, सोनउ राम यादव, खेमराज यादव, राम भगवान यादव, किसनु राम यादव, लीलाधर यादव, पुष्कर यादव, सतीश यादव, मनोहर यादव, चेलक यादव, आनंद राम यादव, पतित यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ समाज के प्रति भी ईमानदार बने : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खिसोरा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में पूर्व आचार्य, छात्र स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर प्रभात मलिक मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट देवकर, व महासमुंद नगर पालिका के पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल अतिथि थे। सर्व प्रथम सरस्वती माता के तैलीय चित्र में माल्यर्पण कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पटेल ने उद्बोधन देते हुए साथ-साथ प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निरंतर बनाए रखने के लिए प्रति प्रेरित करते हुए कहा तथा छात्र-छात्राओं के देश के भावी कर्णधार कहा। उन्होंने कहा कि आपकी योग्यता, आपकी प्रतिभा व आपके व्यक्तित्व पर देश का भविष्य टिका है। भारत के अच्छे नागरिक बनकर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को यह बताने की जरूरत नहीं कि यह परीक्षाएं पाठ्यक्रम पर आधारित है, जबकि जीवन की परीक्षाएं इससे भिन्न होती हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज के प्रति भी जिम्मेदार बनने की सीख देते हुए कहा कि ताकि आपकी पढ़ाई से देश व समाज को फायदा हो। कहा कि यह समझने व विचार करने जरूरत है कि यह सफलता व्यक्तिगत न होकर रह जाएं छात्राएं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें, साथ ही समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस दौरान शाला के शिक्षक गण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### कोकड़ी में मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा देख गदगद हुई अछोटी की संस्था



**महासमुंद।** कोकडी सरकारी स्कूल छत्तीसगढ़ का चेतना विकास मूल्य शिक्षा का अध्ययन कराने वाला मॉडल स्कूल है। यहां शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया 20 वर्ष से अपने प्रमोशनों का त्यागकर मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिये तन-मन-धन से समर्पित हैं। कोकडी सरकारी स्कूल में संचालित जीवन विद्या आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा का मूल्यांकन करने आई अभ्युदय संस्थान अछोटी और अभिभावक विद्यालय अछोटी, रायपुर के अभिभावकों, अध्यापकों, अध्यापिकाओं, बच्चों और देश भर के 6 मासिक अध्ययन शिविरार्थियों ने अपने मूल्यांकन के दौरान पाया कि ''कोकड़ी सरकारी स्कूल में मानवीय मूल्यों की बेहतरीन शिक्षा, न्याय, धर्म, सत्य की प्रमाणिकता समेत सूचना,सही कार्य-व्यवहारों की जानकारी, प्रकृति के साथ पूरकता व मानव का अध्ययन, शरीर और जीवन का अध्ययन शिक्षक गेंदलाल कोकडिया द्वारा बखूबी कराया जा रहा है।यहां शिक्षा के मानवीयकरण के प्रयासों में श्रीमती राखी कोकड़िया निशुल्क, अवैतनिक विद्या दान कोकड़ी सरकारी स्कूल में कर रही हैं,और अपने एकमात्र रागेश्वर को अपने ही अध्यापन रत सरकारी स्कूल में अध्ययन करा रहे हैं । अभ्युदय संस्थान अछोटी ये देखकर गदगद हो गई। इस टीम में मंजित सिंह संस्थापक सदस्य अभ्युदय संस्थान अछोटी, चंद्रशेखर राठौड और उनका पूरा परिवार, मध्यप्रदेश से सचिन भाई परिवार,औरंगाबाद, यवतमाल, पुणे से तासु भाई परिवार, कुम्हारी दुर्ग से चौहान परिवार इलेक्ट्रिक सप्लायर, अभिभावक विद्यालय की अध्यापिका मीनाक्षी, मेघा बहन, तुषार भाई आदि उपस्थित रहे।

# गांव, गरीब, मजदूर, किसान को समर्पित है गांव चलो अभियान : प्रदीप



**महासमुंद।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर पूरे देश मे भाजपा का 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान का निर्णय हुआ है। इस अभियान को पूरा करने के लिए प्रदेश भाजपा द्वारा जिला, मंडल, गांव एवं शहर के लिए संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति भाजपा संगठन के द्वारा की गई है। महासमुन्द जिला में गांव चलो अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर को जिला संयोजक बनाया गया है। इस अभियान के जिला संयोजक प्रदीप ने जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में गांव चलो अभियान के सभी कार्यो को सम्पन्न किया जाना है और इस अभियान के लिए सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मोनिका साहू, नगर पालिका सराईपाली के कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल को बनाया गया है। जिला संयोजक प्रदीप ने इस अभियान के महत्वपूर्ण करणीय कार्यो की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक उत्थान, और पूरे विश्व मे भारत देश की गौरव में वृद्धि सहित विकास के सभी आयामों पर अतुलनीय और व्यापक पैमाने पर कार्य हुआ है।

प्रदीप ने बताया कि गरीब कल्याण की विकास दृष्टि, और भाजपा की सरकार के द्वारा किये गए विकास कार्यो जन जन तक ले जाकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना इस अभियान का प्रमुख कार्य है। जिला संयोजक प्रदीप ने जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देशन में गांव चलो अभियान का निर्णय लिया गया है जिसमे 7 लाख गांवो एवं नगरीय क्षेत्र के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को अपना समय देना है। साथ ही दूसरे स्थानों पर भी जाकर प्रवासी कार्यकर्ता इस अभियान में कार्य करेंगे। प्रदीप ने बताया कि इस अभियान के लिए आगामी दिनों में जिला स्तरीय एक कार्यशाला भाजपा कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें बूथ से लेकर गांवों तक संगठन के निर्देशानुसार गांव चलो अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों द्वारा दी जाएगी और सभी मंडल अध्यक्षों द्वारा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले कार्यकर्ताओं की जवाबदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने गांव चलो अभियान का जिला संयोजक बनाये जाने पर प्रदेश एवं जिला संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



### शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित

**कोमाखान।** गणपर्व पर प्राथमिक शाला लुकूपाली(कोमाखान), पूर्व माध्यमिक शाला कोमाखान के अलावा शासकीय हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल कोमाखान में नक्सली हमले में शहीद हुए आरक्षक प्रमोद पटेल पिता बृजलाल पटेल की शौर्य गाथा का स्मरण किया। साथ ही उक्त स्कूलों के कार्यक्रमों में उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा 2024' का लाइव प्रसारण देखा

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में सोमवार को प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन श्रीमती करूणा दुबे, डॉ रीता पांडेय, अजय कुमार राजा, मनीराम धीवर के संयोजन में परीक्षा का तनाव दूर करने ''परीक्षा पे चर्चा'' 2024 के सातवें चरण के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का लाइव प्रसारण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने व विद्यार्थियों में परीक्षा का तनाव दूर करने के लिए, विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब देकर उनकी शंका का समाधान किया।

पीएम मोदी ने बताया कि विद्यार्थी स्वयं अपने मन से अपना मूल्यांकन कम या अधिक कर तनाव उत्पन्न कर लेते है। विद्यार्थियों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए, पालक एवं परिवार के द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया सुझाव एवं सहयोग भी परीक्षा के तनाव को कम करता है, तनाव को कम करने में विद्यार्थी एवं शिक्षक का संबंध महत्वपूर्ण होता है। केंद्रीय संगठन का आयोजित कार्यक्रम था, समस्त विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद होने के कारण महाविद्यालय में लाईव प्रसारण से विद्यार्थी लाभांवित हुए। विद्यार्थियों को लाइव प्रसारण देखने की व्यवस्था टीकम साहू द्वारा किया गया, उक्त अवसर पर महाविद्यालय से श्रीमती राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, मनीषा बेहरा, परवीन करीम, पूजा एवं विद्यार्थीगण प्रियंका साहू, विनीता, शारदा बीएससी द्वितीय वर्ष हितेंद्र, धनेंद्र, अलपेश, पीजीडीसीए डोमेंद्र, अखिल, पल्लवी उपस्थित थे।




## कुलिया में नौ दिन चले महोत्सव का हिंदू राष्ट्र निर्माण संघर्ष के लिए संकल्प के साथ विराम

# अब काशी और मथुरा के मंदिरों को नवसृजित करने हो जाएं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



याज्ञिक सम्राट चैतन्य स्वामी अग्निशिखा महाराज का कहना है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर पांच सौ नहीं बल्कि साढ़े नौ सौ साल बाद फिर से तैयार हुआ है। उन्होंने सभी हिंदुओं को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा- अब सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अब कोई मंदिर टूटने नहीं देंगे, बल्कि टूटे हुए मंदिरों को नवसृजित करने की बारी आ गई है। उन्होंने कहा कि कुलिया गांव से यह संदेश सर्व हिंदू समाज को जा रहा है कि अयोध्या के बाद अब कांशी और मथुरा के मंदिरों को वापस लेकर उन्हें नवसृजित किया जाए, इसके लिए सभी तैयार रहें।

कोमाखान के कुलिया गांव में आयोजित श्रीराम कृष्ण भक्ति महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा कि रामकृष्ण की कथा सुनने वालों से बड़ा भाग्यशाली इस पृथ्वी पर दूसरा कोई नहीं हो सकता, यह सौभाग्य कई जन्मों के पुण्य के बाद मिलता है।

उन्होंने महोत्सव के आयोजक और मुख्य यजमान डा नीरज गजेंद्र के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल पितरों की स्मृति को जीवंत बनाने के लिए नहीं है, बल्कि पितरों के बहाने सर्व हिंदू समाज को जगाने के लिए है कि सावधान हो जाएं अब और कोई आतताई अपनी जड़ें न जमाने पाए, उन्होंने राममंदिर के फैसले के दिन अदालत परिसर में बंदर की मौजूदगी को हनुमान जी की उपस्थिति बताते हुए कहा कि अब भी इस दुनिया में राम-कृष्ण के दूत हैं, जिनके माध्यम से धर्मध्वजा हिंदू राष्ट्र की दिशा में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि पिता के बहाने (डा नीरज व तरूण) गजेंद्र बंधुओं ने जन-जन के दिलों में राम और कृष्ण की भक्ति को जीवंत बनाने का काम किया है, यह अनुकरणीय है। महोत्सव में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान समेत सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्रों में सेवा दे रहे अनेक गणमान्य लोगों ने आयोजन को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित किया। आयोजक परिवार के तरुण गजेंद्र व सार्थक गजेंद्र ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वालों का आभार माना। संचालन प्रेमचंद डड़सेना और भूखनलाल सिन्हा कर रहे थे।

महोत्सव में क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भागवताचार्य पं उमाशंकर शर्मा, पं बसंत महाराज और पं संतोष शर्मा के साथ राम कथावाचक बुद्धेश्वर डड़सेना, आत्माराम गजेंद्र, भागवत साहू, गणपत साहू, घांसीराम डड़सेना, रामप्रवेश पारकर, कुंवरसिंह साहू, भोपाल सिन्हा समेत अनेक रामायणियों को मानस केसरी से सम्मानित किया गया।

### प्रेम मार्ग से राष्ट्र में लहराता रहेगा हिंदू धर्मध्वजा : शंकुस्वामी

नौ दिनों तक चले इस महोत्सव में श्रीमद्भागवत ज्ञान यह सप्ताह के तहत तिरुपति के वैदिक शिक्षण संस्थान से वेद और उपनिषद की शिक्षा प्राप्त किए नुआपाड़ा के पं शंकुस्वामी जी महाराज ने कृष्ण लीला का सार बताकर आह्वान किया कि सारी समस्याओं का समाधान श्रीमद्भावगत गीता में है। उन्होंने कहा कि जो धर्म के मार्ग पर चलता है उसके साथ स्वयं नारायण होते हैं, वे नर रूपी मुनष्यों के सारथी बनकर जीवन को कृतार्थ करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण की जीवन शैली को अपनाकर दुनिया में प्रेम मार्ग को स्वीकार करने का आह्वान किया।

### राम की मर्यादा के अनुसरण से आदर्श बनेगा समाज

महोत्सव के दूसरे चरण में 26 और 27 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रामकथा मंडली रामदास मानस परिवार बंदौरा (कवर्धा) के फन्नू बैरागी ने संगीतमय कथा के माध्यम से बताया कि श्रीराम मर्यादा के आदर्श कैसे बने। महोत्सव में धमतरी के गुदगुदा, कुरूद के कोटगांव, गरियाबंद के सोरिद, बागबाहरा के खल्लारी और झारा से पहुंची रामायण मंडलियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को संगीतबद्ध कर लोगों तक पहुंचाया।

### कलश और शोभा यात्रा में हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प

महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा और आखिरी दिन शोभायात्रा निकालकर आयोजन समिति के लताऋषि चंद्राकर, रोहित सिन्हा, सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा, मीना चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, केशवराम साहू, मोरध्वज साहू, रमेश सिन्हा, हेमचंद अग्रवाल, अजय सिन्हा, महेश चंद्राकर, पुरुषोत्तम बघेल समेत सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने रामकृष्ण भक्ति के माध्यम से हिंदू राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया। यात्राओं में नारे लगे कि अयोध्या तैयार हुआ है अब मथुरा की बारी है।

